उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार–249404

संख्याः– **144/08/PCS(Pre-24)/G-2/2024-25** दिनांकः 28 अगस्त 2024

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा–2024 के लिये विज्ञापन संख्या– A-2/E-1/PCS/2023-24 दिनांक 14-03-2024 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित किया गया, जिसके क्रम में प्रारम्भिक परीक्षा दिनांक 14 जुलाई, 2024 को आयोजित की गयी। विज्ञापन के प्राविधानानुसार अर्हकारी द्वितीय प्रश्नपत्र सामान्य बुद्धिमत्ता परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक धारित अभ्यर्थियों के प्रथम प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन के प्राप्तांक से निर्मित प्रवीणता सूची तथा अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में उल्लिखित आवेदित पद के दावे के आधार पर सम्मिलित राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारम्भिक परीक्षा–2024 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थियों के लिए प्रारम्भिक परीक्षा का परिणाम, कट ऑफ मार्क्स, अन्तिम उत्तर–कुंजी एवं परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांक आयोग की वेबसाईट psc.uk.gov.in पर प्रसारित कर दिये गये हैं। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के लिये मुख्य परीक्षा का शुल्क जमा करने हेतु आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर लिंक दिनांक 07.09.2024 से दिनांक 21.09.2024 तक खोला जायेगा। इस अवधि में अभ्यर्थियों को आवश्यक शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य है। इस सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश आयोग की वेबसाइट पर पृथक से प्रकाशित किये जायेगें। मुख्य (लिखित) परीक्षा का आयोजन दिनांक 16 नवम्बर, 2024 से 19 नवम्बर, 2024 तक कराया जाना प्रस्तावित है।

-Sd-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव